मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-297
18/06/2025

# राजभवन परिसर में राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय एवं राजभवन अतिथिगृह के निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना 18 जून 2025 :– राजभवन परिसर में राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय एवं राजभवन अतिथिगृह के निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार शामिल हुये।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय एवं राजभवन अतिथिगृह के निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। प्रस्तुतीकरण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्माण कार्य जल्द और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री जयंत राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री आर0एल0 चोंग्थू, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0 सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******